LSE-02

सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एससी.)
में
ऐच्छिक पाठ्यक्रम

पारिस्थितिकी

1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक वैध

सत्रांत परीक्षा के लिए फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य जमा करना अनिवार्य है।

कृपया ध्यान दें

- बी.एससी. कार्यक्रम में ऐच्छिक पाठ्यक्रम चार विषयों – रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित और जीव विज्ञान – में उपलब्ध हैं। ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के कुल क्रेडिट 56 या 64 **कम से कम दो** और **अधिकतम चार** विषयों, में से हो सकते हैं।

- आपके द्वारा चुने गए किसी भी विषय में आपको **कम से कम 8 क्रेडिट** के ऐच्छिक पाठ्यक्रम लेने होंगे। किसी भी विषय में आप **अधिक से अधिक 48 क्रेडिट** के ऐच्छिक पाठ्यक्रम ले सकते हैं।

- आप भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान के ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के जितने कुल क्रेडिट लेते हैं, उनमें से **कम से कम 25 प्रतिशत प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों** के होने चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आप इन तीन विषयों में कुल 64 क्रेडिट के पाठ्यक्रम लेते हैं, तो इनमें से कम से कम 16 क्रेडिट प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों के होने चाहिए।

- किसी पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराए बिना आप उसकी सत्रांत परीक्षा में नहीं बैठ सकते। अगर आप ऐसा करते हैं तो उस पाठ्यक्रम का परीक्षाफल रोक दिया जाएगा और इसका दायित्व भी आप पर ही होगा।

विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

(2023)

प्रिय विद्यार्थी,

हम उम्मीद करते हैं कि स्नातक उपाधि कार्यक्रम में अपनायी गयी मूल्यांकन पद्धति से आप भली-भांति परिचित हैं। आपके नामांकन के बाद हमने आपको ऐच्छिक पाठ्यक्रम की एक कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग हैं उसे कृपया दुबारा पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं निरन्तर मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको **एक सत्रीय कार्य** करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है।

सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश

इससे पहले कि आप किसी प्रश्न का उत्तर लिखें, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के आधार पर विवरण लिखें।

नामांकन संख्या : .....

नाम : .....

पता : .....

.....

पाठ्यक्रम संख्या : .....

पाठ्यक्रम शीर्षक : .....

सत्रीय कार्य संख्या : .....

अध्ययन केंद्र : ..... दिनांक : .....

कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गये प्रारूप का सही अनुसरण करें।

2) अपना उत्तर लिखने के फूलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो ज़्यादा पतला न हो।

3) प्रत्येक काग़ज़ पर बायें, ऊपर और नीचे 4 से. मी. की जगह छोड़ें।

4) आपके उत्तर स्पष्ट होने चाहिए।

5) प्रश्नों के हल लिखते समय, स्पष्ट संकेतों द्वारा बताएं कि किस प्रश्न का कौनसा भाग हल किया जा रहा है।

6) यह सत्रीय कार्य 1 जनवरी, 2023 से लेकर 31 दिसम्बर, 2023 तक वैध हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका के मिलने के 12 हफ्तों के अन्दर ही सत्रीय कार्य पूरा करने की कोशिश कीजिए, ताकि सत्रीय कार्य का एक शिक्षण साधन की तरह उपयोग हो सके। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होनें वाली उत्तर पुस्तिकाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

7) परीक्षा फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य करना अनिवार्य है।

अपनी उत्तर पुस्तिका की फ़ोटोकॉपी ज़रूर रखिए।

शुभकामनाओं के साथ।

सत्रीय कार्य
(अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : LSE-02
सत्रीय कार्य कोड : LSE-02/TMA/2023
कुल अंक : 100

1. क) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए। (1×4= 4)
   - i) समुदाय
   - ii) मरूद्भिद्
   - iii) प्राथमिक उत्पादन
   - iv) जीवमंडल

   ख) निम्नलिखित पर लघु टिप्पणी कीजिए। (3×2=6)
   - i) पारिस्थितिकीय पिरामिड
   - ii) सहिष्णुता परिसर
   - iii) वनों की महत्ता

2. क) पारिस्थितिक तंत्र के अजैविक और जैविक घटकों का वर्णन कीजिए। (5×2=10)
   ख) जलोद्भिद में पायी जाने वाली रंचनात्मक/शारीरिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

3. क) सुनांमांकित चित्र की सहायता से मृदा परिच्छेदिका की संरचना को समझाइए। (5×2=10)
   ख) मृदा जीवजात के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

4. निम्नलिखित में अंतर किजिए : (2 ½×4= 10)
   - i) आहार श्रृंखला और आहार जाल
   - ii) सरो और सरित पारितंत्र
   - iii) प्राथमिक और द्वितीयक अनुक्रमण
   - iv) विलुप्त और संकटग्रस्त जातियां

5. एक सुनांमाकित चित्र के माध्यम से कार्बन चक्र का वर्णन कीजिए। (10)

6. क) मरूस्थलीकरण क्या है? मरूस्थलीकरण के प्रमुख कारण कौन से हैं? (5×2=10)
   ख) जलाशय में होने वाले अनुक्रमण के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

7. क) कीस्टोन जातियां क्या हैं? उदाहरण सहित उनके महत्त्व को समझाइए। (5×2=10)
   ख) वन्यजीवन को प्रभावित करने वाले प्रमुख खतरों का वर्णन कीजिए।

8. संक्षिप्त विवरण दीजिए। (2×5=10)
   - i) रेड डाटा बुक
   - ii) संलग्नता
   - iii) घास स्थल का आर्थिक महत्त्व
   - iv) वनोन्मूलन
   - v) अतिपोषण

9. वन्यजीवन का संरक्षण क्यों महत्त्वपूर्ण हैं? विस्तार से समझाये। (10)

10. क) वायु प्रदूषण का पादपों पर होने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए। (5×2=10)

ख) पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह का वर्णन कीजिए।